Edit with WPS Office

# St. Lawrence High School

**A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION**

**Hindi Worksheet (8)**

**Class- 11** पाठ - सूरदास के पद **Date: 25/06/2020**

**Full Marks: 15**

---

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिये। *1X15=15*

१) किससे प्रभावित होकर तुलसीदास जी श्रीकृष्ण- गीतावली की रचना की?
क) कबीरदास ख) सूरदास ग) मीराबाई घ) घनानंद।

२) कृष्ण भक्ति की अजस्र धारा को प्रवाहित करने वाले भक्त कवियों में किसका नाम सर्वोपरि है?
क) कृष्णदास ख) कुंभन्दास ग) नंददास घ) सूरदास।

३) सूरदास हिंदी साहित्य की किस शाखा से संपर्क रखते थे?
क) भक्तिकाल के सगुण भक्ति शाखा के कृष्ण भक्ति उपशाखा।
ख) भक्ति काल के निर्गुण शाखा के संत उपशाखा।
ग) भक्ति काल के निर्गुण शाखा के सूफी उपशाखा।
घ) भक्ति काल के सगुण भक्ति शाखा के राम भक्ति उपशाखा।

४) सूरदास के काव्य का क्या विषय था?
क) रामभक्ति ख) कृष्णभक्ति ग) शैवभक्ति घ) अर्धशक्ति-भक्ति।

५) सूरदास के काव्य में किसकी मौलिकता दर्शन होती है?
क) शिव पुराण ख) अथर्ववेद ग) विष्णु पुराण घ) श्रीमद्भागवत।

६) सूरदास अपनी रचनाओं में किस पक्ष को अधिक महत्वपूर्णता प्रदान किए है?
क) भावपक्ष ख) कलापक्ष ग) विचारपक्ष घ) हृदयपक्ष।

७) निम्न में से सूरदास ने अपने 'भ्रमरगीत' में गोपियों और उद्धव के संवाद के माध्यम से किस भाव को व्यक्त नहीं किया है?
क) ज्ञान ख) भक्ति ग) विरह घ) वीर।

८) सूरदास ने लगभग कितने पदों की रचना किया था?
क) सवा लाख ख) एक लाख ग) दो लाख घ) तीन लाख।

९) नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की खोज तथा पुस्तकालय में सूरदास की सुरक्षित नामावली के आधार पर उनके ग्रंथों की संख्या कितनी मानी जाती है?
क) 26 ख) 23 ग) 25 घ) 24।

१०) सूरदास के कितने ग्रंथ उपलब्ध हुए हैं?
क) 2 ख) 3 ग) 4 घ) 1।

११) "देख तूही छींके पर भाजन ऊंचे धरि लटकायो।" कौन किसको कह रहा है?
क) बलराम- यशोदा ख) कृष्ण- यशोदा ग) बलराम- देवकी घ) कृष्ण- देवकी।

१२) श्री कृष्ण किसके हाथों को नन्हा कह रहा है?
क) स्वयं के ख) बलराम के ग) सुदामा के घ) राधा के।

१३) कान्हा अपने मुंह पर लगे किस चीज को मिटाता है?
क) माखन ख) मिट्टी ग) दही घ) दूध।

१४) किस वस्तु को फेंककर माता यशोदा अपने कान्हा के बाल सुलभ कारनामों को देखकर प्रसन्न होती है?
क) बर्तन ख) दही ग) माखन घ) छड़ी।

१५) 'डारि सांटि मुस्काई जसोदा, स्यामहिं कंठ लगायो।' प्रस्तुत पंक्ति के अनुसार माता यशोदा किसे गले से लगाती है?
क) कान्हा ख) बलराम ग) सुदामा घ) ग्वाल बाल।

*Teacher's name- Riya Saha*

Edit with WPS Office